web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 01 नवम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 34

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शादी की उम्र को लेकर सरकार करने जा रही है बड़े फैसले पर विचार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विवाह के समान उम्र तय करने की कवायद शुरू कर दी है। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। सरकार ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने दोनों (लड़का-लड़की) की शादी के लिए समान उम्र पर चर्चा करने के लिए हितधारकों के साथ परामर्श प्रक्रिया शुरू की है। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल व न्यायमूर्ति सी. हरि. शंकर की पीठ के समक्ष सरकार ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी है। हालांकि, पीठ को इस मामले में विधि एवं न्याय मंत्रालय को भी मामले में पक्षकार बनाने का आग्रह किया है। क्योंकि इसके लिए कानून में भी संशोधन की आवश्यकता है।

### न्याय प्रणाली में मामूली बदलावों की जरुरतः जस्टिस बोबड़े

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जस्टिस शरद अरविंद बोबड़े 18 नवंबर को देश के 47वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेंगे। उन्होंने गुरुवार को कहा कि न्याय वितरण प्रणाली में कुछ बदलावों की जरुरत है। उन्होंने कहा कि न्याय वितरण प्रणाली अच्छी है, इसमें कुछ मामूली बदलावों की जरुरत हो सकती है। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक शामिल है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी प्रणाली है। आपको कुछ अन्य चीजों का उपयोग करने की जरुरत है। इसके दीर्घकालिक उपाय और अल्पकालिक उपाय हैं। दीर्घकालिक उपाय कानूनी शिक्षा हैं और अल्पकालिक उपाय बेहतर कर्मचारी और बेहतर प्रबंधन है। इससे पहले जस्टिस बोबड़े ने सरकार और न्यायपालिका को साथ-साथ चलने के लिए कहा था। एक न्यूज चौनल से बातचीत में जस्टिस बोबड़े ने अयोध्या समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार से मेरे संबंध ठीक हैं। साथ ही कहा कि सरकार और न्यायपालिका को साथ चलना होगा। अयोध्या मामले पर उन्होंने कहा कि अयोध्या पर फैसले का मुझे और सबको इंतजार है। ये फैसला सबके लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कि जस्टिस बोबड़े इस मामले की सुनवाई कर रही पांच जजों की पीठ में शामिल हैं। कॉलेजियम के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये ठीक तरीके से काम कर रहा है। केंद्र के साथ कोई मतभेद नहीं है।

### अजय कुमार मित्तल होंगे मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफजस्टिस

» तीन हाईकोर्ट के चीफजस्टिस का तबादला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में तीन हाईकोर्ट के चीफ जस्टिसों का तबादले किये गये हैं, जिनमें अजय कुमार मित्तल को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाकर भेजा गया है। विधि मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अमरेश्वर प्रताप साही को मद्रास हाईकोर्ट भेजा गया है। सितंबर में जस्टिस विजया ताहिलरमानी के इस्तीफे के बाद जस्टिस विनीत कोठारी को मद्रास हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। त्रिपुरा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय करोल का तबादला पटना हाईकोर्ट किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट के जज जस्टिस अकील कुरैशी को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की थी, लेकिन अभी तक उनकी नियुक्ति को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। वहीं, जस्टिस अजय कुमार मित्तल का ट्रांसफर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट कर दिया गया है। जस्टिस मित्तल मेघालय हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस थे। जस्टिस रवि शंकर झा मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस थे, जिन्हें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का चीफजस्टिस बनाया गया है। इसके अलावा, पटना हाईकोर्ट के जज जस्टिस राकेश कुमार को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट, जबकि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जज जस्टिस अमित रावल को केरल हाईकोर्ट भेजा गया है।

## पाकिस्तान में कराची-रावलपिंडी एक्सप्रेस में लगी आग, अब तक 73 की मौत



**कराची।** पाकिस्तान में कराची से रावलपिंडी जा रही तेजगाम एक्सप्रेस में आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 73 हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रेन में विस्फोट की वजह यात्रियों के पास रखा छोटा एलपीजी गैस सिलिंडर था। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब ट्रेन पंजाब सूबे के राहिम यार खान जिले से होकर गुजर रही थी। ट्रेन में मौजूद यात्री इस सिलिंडर से नाश्ता बनाने की कोशिश कर रहे थे तभी उसमें विस्फोट हो गया।

यह विस्फोट इतना खतरनााक था कि ट्रेन के तीन सामान्य डिब्बे पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। पाकिस्तान के हादसों से त्रस्त रेलवे नेटवर्क में बीते 15 सालों में यह सबसे बड़ी दुर्घटना है। हालांकि अब जांच में इस हादसे में रेल यात्रियों की ही गलती नजर आ रही है। रेल मंत्री शेख रशीद ने पाकिस्तानी टीवी चैनल जियो न्यूज से बातचीत में कहा, दो स्टोव ब्रेकफास्ट बनाते वक्त फट गएथे। यात्रियों के पास केरोसिन तेल भी मौजूद था। इसके चलते आग और तेजी से फैल गई। ऐसे भी कई यात्री थे, जिनकी मौत जलने से नहीं बल्कि जान बचाने की कोशिश में ट्रेन से कूदने के चलते हो गई। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में ट्रेन की लंबी यात्रा के दौरान पैसेंजर्स के खुद नाश्ता और खाना तैयार करने की समस्या काफी जटिल है। हालांकि हादसे में बचे कई लोगों ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह हादसा खाना बनाने के दौरान नहीं हुआ बल्कि ट्रेन में शॉर्ट सर्किट के चलते यह घटना हुई।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख बने केंद्र शासित प्रदेश

» आज से पूरी तरह लागू होगा संविधान




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर में पिछले 2 वर्षो से लगा राष्ट्रपति शासन गुरुवार को हटा लिया गया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जम्मू कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटाने को मंजूरी दे दी है।

अधिसूचना में राष्ट्रपति के हवाले से कहा गया है कि 19 दिसम्बर 2018 को जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाने संबंधी आदेश को वापस ले लिया गया है।

जम्मू कश्मीर के दो केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित होने और इन दोनों केन्द्र शासित प्रदेशों के आज अस्तित्व में आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने गत पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पारित कर राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। विधेयक में प्रावधान किया गया था कि 31 अक्टूबर को ये दोनों केन्द्र शासित प्रदेश अस्तित्व में आ जायेंगे। गौरतलब है कि जून 2017 में जम्मू कश्मीर में भाजपा-पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) सरकार के अल्पमत में आने के बाद मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राज्य मे पहले छह महीने राज्यपाल का शासन रहा और इसके बाद वहां राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

## खराब मौसम के कारण दर्जनों फ्लाइट लेट

» सैकड़ों यात्रियों को हुई परेशानी

**लखनऊ (आरएनएस)।** धुंध व खराब मौमस का लखनऊ में असर दर्जनों फ्लाइट पर पड़ा। विमानों के आवागमन में हुई देरी से सैंकड़ों यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। ऐसे में तमाम फ्लाइट देरी से रवाना हुई और देरी से पहुंची। जबकि गोएयर की जी8207 लखनऊ में खराब मौसम की वजह से वापस दिल्ली डायवर्ट कर दी गई।



लखनऊ से मुंबई की इंडिगो की फ्लाइट 6ई685 साढ़ तीन घंटे की देरी से टेऑफ कर पाई। वहीं लखनऊ से दिल्ली की एयरइंडिया की फ्लाइट एआई 812 सवा घंटे की देरी से रवाना होगी। एयरइंडिया की एआई991 50 मिनट की देरी से दोपहर 2:55 पर रवाना होगी। एआई 414 35 मिनट की देरी से दोपहर 11:45 बजे रवाना हुई। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट गोएयर जी8212 सवा दो घंटे की देरी से दोपहर 1:10 पर रवाना हुई। एआई 412 दो घंटे 20 मिनट की देरी से सुबह रवाना हो पाई। इंडिगो की 6ई733 56 मिनट की देरी से सुबह पौने दस बजे रवाना हो पाई। गोएयर की जी82510 दो घंट 38 मिनट की देरी से सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर रवाना हो पाई।

### चिदंबरम की स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल बोर्ड बनाएं एम्सः हाईकोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक से गुरुवार को ही एक मेडिकल बोर्ड का गठन करके पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदंबरम के स्वास्थ्य पर जानकारी देने के लिए कहा है। चिदंबरम आंतों से जुड़ी बीमारी श्क्रोहनश् से पीड़ित हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि चिदंबरम के स्वास्थ्य की जानकारी देने वाले मेडिकल बोर्ड में हैदराबाद के चिकित्सक नागेश्वर रेड्डी को शामिल किया जाए।

## एनआईए ने आईएस समर्थित समूह की तलाश में 6 स्थानों पर छापेमारी की

**चेन्नई (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को तमिलनाडु के छह स्थानों पर हिंदू संगठनों के नेताओं की हत्या के लिए आईएस (इस्लामिक स्टेट) से प्रेरित समूह द्वारा कथित साजिश के संबंध में छापेमारी की। एनआईए के एक सूत्र ने कहा कि आतंकवाद-रोधी जांच एजेंसी इलायागुड़ी, त्रिची, कयालपट्टिनाम व नागपट्टिनाम में एक-एक और कोवेई में दो स्थानों समेत कुल छह स्थानों पर छापेमारी की।

सूत्र ने कहा कि जांच एजेंसी इस्लामिक स्टेट से प्रेरित समूहों द्वारा हिंदू मक्कल काची के नेता अर्जुन संपत और उनके बेटे ओमकार की हत्या की कथित साजिश की जांच कर रही थी।





केंद्रीय जांच एजेंसी को साजिश के बारे में स्थानीय पुलिस ने जुलाई में सतर्क किया था।

कोयंबटूर पुलिस की एक विशेष जांच इकाई ने पिछले साल सितंबर में तमिलनाडु में एक आईएस-प्रेरित इस्लामिक समूह के सात सदस्यों की एक साजिश को नाकाम किया था, जिसमें हिंदू मुन्नानी नेता मूकंबिकाई मणि और शक्ति सेना के नेता अंबु मारी की हत्या की साजिश रची गई थी। तब से एनआईए दक्षिण भारत में काम कर रहा है और जानकारी इकट्ठा कर रहा है और संदिग्ध कट्टरपंथी युवाओं की गतिविधियों पर नजर रख रहा है।

एनआईए ने दावा किया है कि उसने देशभर में 2014 के बाद से अब तक 127आईएस समर्थक लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 33 लोग सिर्फ तमिलनाडु से हैं।

## भारतीय सूचना सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की राष्ट्रपति से भेंट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सूचना सेवा (2018 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने गुरुवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।



प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी होने के नाते आप केवल सूचना के प्रसार में ही नहीं, बल्कि सत्यता की जांच करने और सार्थक उद्देश्य के लिए उसका मिलान करने में भी बहुमुखी भूमिका निभाते हैं। सूचना को सरल और समझने योग्य बनाने के इस दौर में उन्हें सकारात्मक सूचना, यानी जनता और समाज के लिए उपयोगी और प्रासांगिक सूचना प्रदाता के रूप में उभरने की आवश्यकता है। यह सूचना के प्रहरी और सूचना को समर्थ बनाने वाले की उनकी भूमिका के अतिरिक्त होगा। उन्होंने कहा कि जनता तक पहुंच और संचार के माध्यम से आईआईएस अधिकारी जनता को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में शिक्षित कर सकते हैं। उन सभी में इन कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को एकदम निचले स्तर के लोगों के लिए समझने योग्य, प्रासांगिक, वास्तविक और कार्रवाई करने योग्य बनाने के कौशल और योग्यता मौजूद है। इस प्रकार वे जन भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

राष्ट्रपति ने आईआईएस अधिकारियों से मीडिया समुदाय के साथ मजबूत पेशेवर नेटवर्क तैयार करने का अनुरोध किया ताकि वे जनता के लिए महत्वपूर्ण मामलों के बारे में सही सूचना का प्रसार कर सकें और गलत सूचना पर काबू पा सकें।

### इंदिरा की पुण्यतिथि पर सोनिया, मनमोहन और अंसारी ने दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अंसारी, सोनिया, मनमोहन, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी समाधि 'शक्ति स्थल' पहुंचकर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

## जापान के ओकिनावा में महल में लगी आग, विश्व धरोहर का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त

**तोक्यो।** जापान के दक्षिणी द्वीप ओकिनावा में स्थित ऐतिहासिक महल में बृहस्पतिवार को आग लग गयी जिससे इस विश्व धरोहर स्थल के परिसर का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शूरी महल रयूकू साम्राज्य के समय में बने परिसर का मुख्य हिस्सा है और समझा जाता है कि करीब 1400 ईस्वी से इसका इस्तेमाल हो रहा है। मौजूदा ढांचे के अधिकतर हिस्से का पुनर्निर्माण मूल योजनाओं एवं पुराने महल की तस्वीरों के आधार पर किया गया। स्थानीय दमकल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग महल परिसर के 4,800 वर्ग मीटर (51,667 वर्ग फुट) से अधिक हिस्से में फैल गयी। नाहा दमकल विभाग के अन्य अधिकारी दैसुके फुरुगेन ने बताया, ''सभी (तीन) मुख्य भवन जल गये और कुछ भी नहीं बचा।'' घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय दमकल के प्रवक्ता ने राष्ट्रीय प्रसारक 'एनएचके' को बताया कि आग को नियंत्रण में करना बहुत मुश्किल था।

## जो हमसे युद्ध नहीं जीत सकते,वो हमारी एकता को चुनौती देंते हैं:मोदी

» पीएम ने किया देश में विविधता में एकता का उत्सव मनाने का आह्वान

**केवड़िया (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारत की समृद्ध विविधता और सदियों पुरानी जीवन शैली की सराहना करते हुए कहा कि इसने राष्ट्रीय एकता और एकजुटता बनाए रहने के संकल्प में सहायता की है।

प्रधानमंत्री मोदी आज केवडिया में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा हमने अपनी विविधता में एकता पर गर्व है। इससे हमें पहचान और सम्मान मिलता है। हम विविधता में एकता का उत्सव मनाते हैं। हमें अपनी विविधता में कोई अंतर्विरोध नहीं दिखता,बल्कि इसमें एकता का मजबूत सूत्र दिखता है। हम विविधता में एकता का उत्सव मनाते हैं, विविधता का पर्व वास्तव में हमारे दिलों में एकता के तार को स्पर्श करता है। जब हम अलग-अलग जीवन शैली और परंपरा का सम्मान करते हैं तो सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है और इसलिए हमें अपनी विविधता का समारोह मनाना चाहिए और यह राष्ट्र निर्माण है।

भारत की विविधता एक ऐसी शक्ति है जो दुनिया में किसी ओर जगह नहीं मिलती। दक्षिण भारत से आए शंकराचार्य ने उत्तर में मंदिर की स्थापना की और बंगाल के स्वामी विवेकानंद ने दक्षिण के कन्याकुमारी में ज्ञान की प्राप्ति की। पटना में जन्मे गुरू गोविंद सिंह ने पंजाब में खालसा पंथ की स्थापना की और रामेश्वरम में जन्मे ए. पी. जे. अब्दुल कलाम देश में सर्वोच्च पद पर पहुंचे।

भारत के संविधान की प्रस्तावना में वी द पीपुल का जिक्र देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह संविधान की शुरूआत में केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि भारत में जीवन की हजारों साल पुरानी संरचना का प्रदर्शन है। जब सरदार पटेल के सामने देश भर में 500 से अधिक रियासतों को एकजुट करने की बड़ी चुनौती थी, तो यह वह चुंबकीय शक्ति थी जिसने उन्हें भारत से जुड़े रहने के लिए आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की प्रसिद्धि और प्रभाव विश्वभर में बढ़ रहा है।

आज संपूर्ण विश्व भारत को गंभीरता से देखता है और इसका कारण हमारी राष्ट्रीय एकता है। अगर आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो इसके पीछे राष्ट्रीय एकता है।

## हत्यारोपितों की मदद करने के मामले में एक और गिरफ्तार

» कमलेश तिवारी हत्या काण्ड

**लखनऊ (आरएनएस)।** हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की लखनऊ में हत्या के मामले में हत्यारोपित के की मदद करने वालों की गिरफतारी जारी है। बरेली एटीएस ने कमलेश तिवारी के हत्यारोपित के मददगार वकील नावेद के तीसरे साथी कामरान को गुरुवार तड़के गिरफ्तार किया है। कमलेश तिवारी के हत्यारोपितों के सबसे बड़े मददगार वकील का तीसरा साथी भी गिरफ्तार हो गया है।



कामरान ने हत्यारोपितों की नेपाल पहुंचाने में मदद की थी। कामरान कमलेश तिवारी के हत्यारोपितों की मदद करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के वकील नावेद का बेहद करीबी है। कामरान और नावेद ने ही अपनी कार से दोनों हत्यारोपितों को नेपाल तक पहुंचाया था। हत्यारोपितों की मदद करने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के वकील नावेद के दो साथियों को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों में रईस और आसिफ हैं। रईस व आसिफ ने दोनों हत्यारोपितों को शाहजहांपुर में मदद पहुंचाई थी। बताया जा रहा है कि बरेली से गिरफ्तार कामरान ने ही अशफाक का मोबाइल ट्रेन में रखा था। इस तरह से चलती ट्रेन में अशफाक के मोबाइल की लोकेशन से उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम भ्रमित हुई थी। यह मोबाइल अंबाला में हुआ ऑन तो जांच में लगी पुलिस को लगा कि दोनों हत्यारोपित पंजाब पहुंच गए हैं। बरेली में कमलेश तिवारी के हत्यारों के मददगारों की लगातार गिरफ्तारी चल रही है। बरेली में क्राइम टीम के साथ ही एसटीएफ व एटीएस लगातार सक्रिय है। पुलिस मामले में गिरफ्तार हत्या के आरोपी शेख अशफाक हुसैन और पठान मोइनुद्दीन अहमद से पूछताछ कर चुकी है। बीते हफ्ते ही दोनों को गुजरात से ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाया गया था।